# दूसरा डोकलाम टला, जारी रहेगा गतिरोध: चीन

**बदले सुर**

## धमकी देने वाले चीन के सरकारी मीडिया के अब सुर बदल गए हैं

■दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान ताजा स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान पर सहमति बनी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पेइचिंग। लद्दाख में चल रहे सैन्य गतिरोध के बीच भारत और चीन के बीच युद्ध की धमकी देने वाले चीन के सरकारी मीडिया के अब सुर बदल गए हैं। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने चीनी विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच शनिवार को बातचीत के बाद डोकलाम जैसा एक और संकट टल गया है। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान ताजा स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान पर सहमति बनी है।

ग्लोबल टाइम्स ने यह भी कहा कि स्थिति की जटिलता की वजह से सैन्ध्य गतिरोध अभी कुछ समय के लिए बना रह सकता है। ग्लोबल टाइम्स ने भारतीय विदेश मंत्रालय ने के हवाले से कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय समझौतों के मुताबिक सीमाई



इलाकों में स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान पर सहमत हैं। एमईए के मुताबिक, दोनों देशों के बीच मिलिट्री कमांडर लेवल की बातचीत बेहद शांतिपूर्ण और गर्मजोशी से भरे माहौल में हुई।

**सीमा विवाद का हल शांतिपूर्वक-भारत:** एक छोटा बयान जारी करते हुए एमईए ने कहा कि दोनों देशों के मिलिट्री कमांडर्स इस बात पर सहमत हुए कि पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद का हल शांतिपूर्वक, द्विपक्षीय समझौतों के आधार पर निकाला जाएगा। द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण विकास के लिए भारत–चीन सीमा क्षेत्र में शांति आवश्यक है। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने डिप्लोमेटिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ को भी याद किया। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि मसले का जल्द हल निकलने से रिश्ते आगे बढ़ेंगे।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि चीन से मिलिट्री और डिप्लोमेटिक लेवल पर बातचीत चलती रहेगी। उधर, ग्लोबल टाइम्स ने चीन के सिंगुआ यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ किआन फेंग के हवाले से कहा कि ताजा बातचीत में दोनों ही पक्षों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए जो यह दर्शाता है कि दोनों ही पक्ष स्थिति पर पूरा ध्यान दे रहे हैं और नहीं चाहते हैं कि विवाद और ज्यादा बढ़े।

**वर्तमान संकट तत्काल खत्म नहीं होने जा रहा:** फेंग ने कहा कि यह दर्शाता है कि चीन और भारत दोनों ही शांतिपूर्ण तरीके से इस मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में यह समझ है कि वे अमेरिका के परोक्ष रूप से चीन से युद्ध के लिए भारत को भड़काने और हस्तक्षेप करने के उद्देश्य को समझते हैं। वह भी तब जब चीन और अमेरिका के बीच रिश्ते लगातार खराब हो रहे हैं। चीनी विशेषज्ञ ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा कि भारत और चीन सीमा पर हथियारों की तैनाती को बढ़ा रहे हैं और कुछ लोगों का कहना है कि यह दूसरा डोकलाम संकट हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट तत्काल खत्म नहीं होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत चीनी जमीन पर निर्माण कार्य रोके नहीं तो पेइचिंग इस संकट को स्वीकार नहीं करेगा।

## न्यूज डायरी



### ड्रैगन ने तेज किया मनोवैज्ञानिक युद्ध, चीनी सैनिकों ने दिखाई टैंकों की ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। लद्दाख में भारत से जारी तनाव के बीच चीन ने अब मनोवैज्ञानिक युद्ध तेज कर दिया है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने चीनी सेना के टैकों के साथ युद्धाभ्यास का वीडियो जारी किया है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि चीनी पीएलए के सैनिक अपने आमर्ड वीकल की टेस्टिंग कर रहे हैं। पीएलए के इस वीडियो में चीनी सैनिक अपने टैंकों के साथ किसी पहाड़ी इलाके में अभ्यास कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को लद्दाख सीमा पर जारी तनाव को लेकर शनिवार को हुई कोर कमांडर लेवल की बातचीत के बाद अपना दोहरा चरित्र दिखा दिया था। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने मध्य चीन के हुबेई प्रांत से चीन और भारत के बीच सीमा पर तनाव के बीच ऊंचाई वाले उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र में हजारों पैराट्रूपर्स और बख्तरबंद वाहनों के साथ बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास का आयोजन किया।

### पाक में कोविड–19 के 4,728 नए मामले, कुल मामलों की संख्या एक लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,728 नये मामले सामने आए जिससे संक्रमण के मामलों की कुल संख्या एक लाख के पार चली गई। इसी दौरान संक्रमण की चपेट में आए 65 लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 2,067 हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार संक्रमण के कुल 1,03,671 मामलों में से पंजाब में 38,903, सिंध में 38,108, खैबर पख्तूनख्वा में 13,487, बलूचिस्तान में 6,516, इस्लामाबाद में 5,329, गिलगित बल्तिस्तान में 932, और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 396 मामले शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि कोविड–19 से 65 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद देश में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,067 हो गई। पाकिस्तान में अब तक 34,355 मरीज उपचार के बाद ठीक हो चुके हैं। अब तक देश में कुल 7,05,833 लोगों की कोरोना वायरस की जांच की जा चुकी है।

### भारत में चीनी सामानों के बहिष्कार से बौखलाया चीन, यह चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ ऐक्चुअल कंट्रोल पर तनाव कम करने के लिए चीन भले ही कह रहा हो कि वह विवाद को शांतिपूर्ण समाधान निकालने की पूरी कोशिश कर रहा है, लेकिन चीन के प्रॉपगैंडा न्यूज पोर्टल ग्लोबल टाइम्स ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। ग्लोबल टाइम्स में छपे एक लेख में कहा गया है कि कुछ भारतीय राष्ट्रवादियों के कारण भारत में ऐंटी–चीन भावना पनप रही है। इस लेख में कहा गया कि चीन के खिलाफ आम भारतीयों को भड़काने और बदनाम करने की यह जानबूझकर की गई कोशिश है। चीनी सामानों के बहिष्कार की अपील पूरी तरह फेल हो जाएगी, क्योंकि ये उत्पाद आम भारतीयों की जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं और इसे हटाना बेहद कठिन है। बता दें कि हालिया दिनों में सीमा पर चीन के साथ तनाव के बीच भारत में चीनी उत्पादों को बहिष्कार करने की मुहिम चल रही है।

### भारत की संजीवनी के लिए संकट बने भारतीय मूल के तीन रिसर्चर्स?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस इन्फेक्शन के इलाज के लिए मलेरिया की दवा हाइड्रॉक्सिक्लोरोक्वीन के ट्रायल पर पिछले हफ्ते विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रोक लगा दी थी। डब्ल्यूएचओ ने यह कदम प्रतिष्ठित पत्रिका द लैंसेट की जिस स्टडी के बाद उठाया था अब उसे कोरोना काल के पहले बड़े रिसर्च स्कैंडल के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, इस स्टडी को ही वापस ले लिया गया है क्योंकि इसमें इस्तेमाल किए गए डेटा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। गौर करने वाली बात यह है कि इस स्टडी के लेखकों सपन देसाई, मंदीप मेहरा और अमित पटेल ने अपने एक और पेपर को भी वापस ले लिया है, जो द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपा था। निजता और क्लाइंट अग्रीमेंट का हवाला देते हुए क्लाइंट कॉन्ट्रैक्ट और ऑडिट रिपोर्ट रिव्यू के लिए सर्वर को नहीं दी गई।

## पाक में जुआ खेलने के आरोप में गधा गिरफ्तार, लोगों ने लिए मजे

गधे के साथ आठ अन्य संदिग्ध लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। कोरोना वायरस के कहर से जूझ रहे पाकिस्तान में एक गधे को जुआ खेलने के आरोप में अरेस्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान इलाके में शनिवार को पुलिस ने इस गधे को अरेस्ट किया। गधे के साथ आठ अन्य संदिग्ध लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस गधे का नाम एफआईआर में दर्ज था।

रहीम यार खान इलाके के एसएचओ बताया कि अन्य संदिग्धों के साथ गधे का भी नाम एफआईआर में दर्ज था। आरोपी गधे को पुलिस स्टेशन के बाहर बांधा गया है। पुलिस ने संदिग्ध जुआरियों से एक लाख 20 हजार रुपये नकद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि ये जुआरी गधों के दौड़ में पैसे लगा रहे थे। पुलिस का यह कदम इलाके में ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया में भी चर्चा का विषय बन गया है।

डेविड डी ने लिखा, क्या बात है। ये गधे वाकई बहुत स्मार्ट हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि पाकिस्ध्तान पूरी दुनिया में गधों का सबसे बड़ा निर्यातक है। कोई पाकिस्ध्तान के आसपास भी नहीं है।



**किम जोंग उन ने बनाई दो मीटर की दूरी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** उत्तर कोरिया। किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ अपनी वर्कर्स पार्टी के पोलित ब्यूरो की एक बैठक अध्यक्षता की। इस दौरान जहां पोलित ब्यूरो के अन्य सदस्य पास–पास नजर आए, वहीं किम जोंग उन ने दो मीटर की दूरी बनाए रखी। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि किम जोंग उन गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं लेकिन किम जोंग उन ने बाद में दुनिया के सामने आकर सभी अटकलों को खत्ध्म कर दिया था। राजधानी प्योंगयांग में आयोजित बैठक के दौरान किम जोंग उन सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दिखे। उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि उनका देश कोरोना से मुक्त है।

## न्यूजीलैंड में खत्म हुआ कोरोना वायरस कहर, पूरी तरह से हटेगा लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस के पूरी तरह से खात्मे के बाद अब आज आधी रात से लॉकडाउन को पूरी को तरह से हटाया जा रहा है। सोमवार को न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस के आखिरी एक्टिव केस के ठीक होने के बाद अब अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिन में कोरोना वायरस का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

न्यूजीलैंड में एक महिला आखिरी कोरोना वायरस मरीज थीं लेकिन उनमें भी पिछले 48 घंटे से कोई लक्षण सामने नहीं आया है। महिला मरीज आकलैंड के एक अस्पताल में भर्ती है। प्रधानमंत्री जेसिंडा



अर्डेन ने ऐलान किया है कि उनका देश लेवन–1 अलर्ट से आगे बढ़ेगा। सोमवार आधी रात से शादियों, अंतिम संस्ध्कार और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बिना किसी पाबंदी के शुरू किया जाएगा। अब अगर न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस का एक भी मामला सामने नहीं आता है तो अगले सप्ध्ताह देश को कोरोना वायरस मुक्ध्त घोषित कर दिया जाएगा। करीब 50 लाख की आबादी वाले इस देश में कुल 1504 लोग कोरोना की चपेट में आए थे और 22 लोगों की मौत हुई थी। देश की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डेन के नेतृत्व की शुरुआत से ही मिसाल दी जा रही है।

**न्यूजीलैंड ने ऐसे रोका लोकल ट्रांसमिशन:** सभी केस खत्म होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने एक ऐप लॉन्च किया है जिसकी मदद से हेल्थ केयर प्रफेशनल्स को केस के अपडेट्स मिलेंगे। यहां कोरोना के मामले सामने आने के साथ ही सक्रियता दिखाई गई और आखिरकार लोकल ट्रांसमिशन को रोक दिया गया। साथ ही वायरस को पूरी तरह से खत्म करने का प्लान बनाया। गया।

माइक्रोबायॉलजी प्रफेसर साउक्सी वाइल्स के मुताबिक इससे यह सीखने की जरूरत है कि ऐसा किया जा सकता है।

## पीटीवी ने दिखाया कश्मीर को भारत का हिस्सा, मांगनी पड़ी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कहते हैं कि सच कितना भी छिपाओ, सामने आ ही जाता है। कुछ ऐसा ही पाकिस्तान के सरकारी टीवी चैनल पीटीवी के साथ। अक्सर कश्मीर की रट लगाने वाले पीटीवी ने पाकिस्तान की जनसंख्या बताते समय टीवी पर कश्मीर को भारत का हिस्सा दिखा दिया। सरकारी टीवी पर हुई इस गलती के बाद पाकिस्ध्तान में हड़कंप मच गया। अब पीटीवी ने सफाई दी है कि इस गुनाह के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पीटीवी ने एक बयान जारी कर कहा, पीटीवी प्रबंधन ने मानवीय भूल की वजह से पाकिस्तान का गलत नक्शा दिखाने पर सख्त संज्ञान लिया है। पीटीवी के एमडी ने कहा है कि उनका संगठन इस तरह के अपराध को क्षमा के लायक नहीं मानता है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीटीवी को अपनी इस ताजा गलती के लिए सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान के सरकारी समाचार चौनल पीटीवी ने पीएम इमरान खान की चीन यात्रा के दौरान बड़ी गलती कर दी थी।